छोड़ी मैंने मेरी ज़िन्दगी,
तेरे भरोसे,
सांवरे तेरे भरोसे,
मेरा हर ग़म मेरी हर ख़ुशी,
तेरे भरोसे,
ओ श्याम बाबा तेरे भरोसे।।

तर्ज तुझसे नाराज़ नहीं जिंदगी।

माँगा जब भी मैंने तुझसे,
बेहिसाब दिया है,
दर्द मिला जब भी मुझे,
तुमने थाम लिया है,
तूने मुझको हर पल श्याम,
अपने दिल से लगाए रखा है,
छोड़ी मैने मेरी ज़िन्दगी,
तेरे भरोसे,
सांवरे तेरे भरोसे।।

झूठा जग है झूठे रिश्ते,
कोई नहीं यहाँ अपना,
संग कोई साथ नहीं,
टूटे यहाँ हर सपना,
पग पग पर तुमने श्याम,
अपना हाथ बढ़ाए रखा है,

छोड़ी मैने मेरी ज़िन्दगी,
तेरे भरोसे,
सांवरे तेरे भरोसे।।

मैंने दिल से श्याम तेरा,
जब भी नाम लिया है,
श्याम तेरी रहमत ने,
बिगड़ा काम किया है,
सोनी श्याम तेरी शरण,
चरणों में ध्यान लगाए रखा है,
छोड़ी मैने मेरी ज़िन्दगी,
तेरे भरोसे,
सांवरे तेरे भरोसे।।

छोड़ी मैंने मेरी ज़िन्दगी,
तेरे भरोसे,
सांवरे तेरे भरोसे,
मेरा हर ग़म मेरी हर ख़ुशी,
तेरे भरोसे,
ओ श्याम बाबा तेरे भरोसे।।

Singer Shyam Salona (Kota)

Source:
https://www.bharattemples.com/chodi-maine-meri-zindagi-tere-bharose-sanware-tere-bharose/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw